आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.08.2026
समय 06.30

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- चमोली में टीएचडीसी की निर्माणधीन सुरंग में लापता श्रमिकों की खोज के लिए राहत बचाव कार्य जारी।
- स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर उत्तराखंड पुलिस के 14 अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए किया जाएगा सम्मानित।
- सहसपुर की सिलाई यूनिट में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं तैयार कर रही हैंडमेड तिरंगे। अबतक 5 हजार कर चुकी है तैयार।

क्विज प्रतियोगिता

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार, देहरादून एक अगस्त से 15 अगस्त तक क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिदिन शाम 6 बजकर 30 मिनट के समाचार बुलेटिन में एक प्रश्न पूछा जाएगा। प्रश्न का सबसे पहले सही उत्तर भेजने वाले श्रोता को विजेता घोषित किया जाएगा। विजेता के नाम की घोषणा अगले दिन के समाचार बुलेटिन में की जाएगी।

हमारा आज का प्रश्न है-- स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उत्तराखंड में किस आंदोलन के तहत जंगलों पर अंग्रेजी सरकार के अधिकार और वन कानूनों का विरोध किया गया था?

प्रश्न एक बार फिर सुन लें-- स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उत्तराखंड में किस आंदोलन के तहत जंगलों पर अंग्रेजी सरकार के अधिकार और वन कानूनों का विरोध किया गया था?

अपने उत्तर हमारे व्हाट्सऐप नंबर- 70 37 88 86 43 या ई-मेल आईडी- rnudehradun@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हमारा कल का प्रश्न था--“सरफ़रोशी की तमन्ना” कविता किसने लिखी थी ?

सही उत्तर है- बिस्मिल अजीमाबादी

सबसे पहले सही उत्तर भेजने वाले विजेता हैं- पिथौरागढ़ जिले से नवीन ओझा।

आकाशवाणी समाचार, देहरादून की ओर से आपको हार्दिक बधाई।

## राष्ट्रपति

राष्ट्र कल अपना 80वां स्वाधीनता दिवस मनाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी प्रसारित होगा।

### राहत और बचाव अभियान

चमोली ज़िले में मायापुर–पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन सुरंग में मलबा और पानी भरने की घटना के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज घटनास्थल पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सुरंग के अंदर जाकर बचाव एवं राहत कार्यों की स्थिति देखी और अधिकारियों को सुरंग में फंसे शेष तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता का प्रभावी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि विष्णुगाड–पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीआरटी सुरंग में कल शाम भू–धंसाव के कारण करीब डेढ़ किलोमीटर हिस्से में मलबा और पानी भर गया। इस हादसे में 7 लोगों की मृत्यु हो गई और तीन अन्य लापता हैं, जिनकी तलाश के लिये कठिन परिस्थितियों के बीच राहत और बचाव अभियान जारी है। टनल में फंसे 19 लोगों को अब तक बाहर निकाला जा चुका है। रेस्क्यू किए गए घायलों का जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार चल रहा है।

मुख्यंत्री ने इस हादसे में घायल श्रमिकों से मुलाकात भी की और उपचार की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को घायल श्रमिकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने और उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी के निर्देश दिए।

### सुरंग हादसा

पीपलकोटी सुरंग हादसे के बाद राहत और बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर कमी न रहने देने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने आज राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हादसे में लापता लोगों की तलाश, घायलों के उपचार और घटनास्थल पर चल रहे अन्य राहत कार्यों की जानकारी ली।

श्री कौशिक ने लापता लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान को पूरी गंभीरता और बेहतर समन्वय के साथ जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को समुचित उपचार और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मृतकों के शवों को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह क्षेत्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर उत्तराखंड पुलिस के 14 अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। श्री धामी ने पदक के लिए चयनित कार्मिकों के नामों की घोषणा की है।

उन्होंने चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पुलिस कार्मिकों की कर्तव्य निष्ठाए समर्पण और उत्कृष्ट सेवाभाव का सम्मान है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान पूरे पुलिस बल को अपने दायित्वों का और अधिक निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार इनमें आठ कार्मिकों का चयन सेवा के आधार पर और छह का चयन विशिष्ट कार्यों के लिए किया गया है।

## विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस

देश के बंटवारे के दौरान पीड़ा झेलने वाले लोगों की याद में आज देशभर में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है।

विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के अवसर पर हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी की पूर्व संध्या पर भारत के सीने पर बंटवारे के रूप में एक घाव कर दिया गया, जो आज भी ताजा है। विभाजन की घटना सिर्फ एक भौगोलिक बंटवारा नहीं था। बल्कि हमारी साझी विरासत और आत्मा का बंटवारा भी था। मुख्यमंत्री ने बंटवारे का दंश झेलने वाले और अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

## हैंडमेड तिरंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को सहसपुर ब्लॉक की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं साकार कर रही हैं। शंकरपुर स्थित सिलाई यूनिट में ग्रामीण महिलाओं के हाथों से सूती कपड़े के हैंडमेड तिरंगे तैयार किए जा रहे हैं। इस बार हर घर तिरंगा अभियान के लिए अब तक पांच हजार से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं।

शंकरपुर की इस सिलाई यूनिट में आस्था क्लस्टर लेवल फेडरेशन से जुड़ी 15 से 20 महिलाएं तिरंगा तैयार करने में जुटी हैं। ग्रामीण उद्यमिता एवं आजीविका परियोजना और एनआरएलएम के सहयोग से संचालित इस यूनिट में अलग-अलग आकार के राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए जा रहे हैं। महिलाओं को सरकारी विभागों,ब्लॉक कार्यालय, स्कूल,कॉलेज, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय बाजार से तिरंगों के ऑर्डर मिल रहे हैं। 15 अगस्त और 26 जनवरी के दौरान इनकी मांग सबसे ज्यादा रहती है।

## बीएचईएल

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए नॉर्वे की एक निजी कंपनी के साथ महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस समझौते से भारत में हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए पीईएम इलेक्ट्रोलाइज़र प्रणाली का चरणबद्ध स्वदेशीकरण और स्थानीय विनिर्माण संभव हो सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीईएम तकनीक के लिए यह सहयोग बीएचईएल को उन चुनिंदा भारतीय कंपनियों में शामिल करेगा जो एल्कलाइन और पीईएम दोनों प्रकार के इलेक्ट्रोलाइज़र समाधान देने में सक्षम हैं। इससे देश के उभरते ग्रीन हाइड्रोजन बाजार में बीएचईएल की भूमिका और मजबूत होगी। साथ ही भारत में हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कंपनी की क्षमता भी बढ़ेगी।

यह समझौता राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशनश् और मेक इन इंडिया पहल को भी गति प्रदान करेगा।

सुरक्षा व्यवस्था

80वें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों को देखते हुए पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर हरिद्वार जिले में पुलिस टीमों को संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और किसी भी असामान्य या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे और आमजन सुरक्षित वातावरण में राष्ट्रीय पर्व मना सकें।

सौगात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी गढ़वाल जिले के पौड़ी और कोटद्वार विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 6.76 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। इसमें पौड़ी विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड कांसखेत-असगढ़-घंडियालधार-अलासू-कुनकुली मोटर मार्ग के किलोमीटर 13 से 17 के मध्य सुधारीकरण कार्य के लिए 3.45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहींए कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत गब्बर सिंह कैंप, कोटद्वार में 36 मीटर स्पान डबल लेन सेतु के निर्माण के लिए 3.31 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

मुख्यमंत्री की ओर से स्वीकृत इन दोनों परियोजनाओं को जिले की सड़क और पुल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।